दिनांकः 12.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र इस महीने की 24 तारीख से शुरू होगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों की शपथ, अध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और चर्चा होगी। राज्यसभा का सत्र 27 जून से शुरू होगा। आगामी संसद सत्र 3 जुलाई तक चलेगा। संसदीय मामलों के मंत्री, किरेन रिजिजू ने कहा कि देश की सेवा के लिए कार्य करना एनडीए सरकार का कर्तव्य है। श्री रिजिजू ने कहा कि एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं पर चर्चा करने और उन्हें पूरा करने के लिए संसद एक आदर्श मंच है।

000

तेलुगु देशम पार्टी–टीडीपी प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने आज आंध्र प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। कृष्णा जिले के केसरपल्ली आईटी पार्क में आयोजित समारोह में राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। श्री नायडू के साथ जन सेना पार्टी के तीन और भारतीय जनता पार्टी के एक सदस्य सहित 24 नवनिर्वाचित सदस्यों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई केंद्रीय मंत्री और गणमान्य लोग शामिल हुए।

000

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष में आज जयपुर के जवाहर सर्किल पर पुलिस बैंड वादन किया जाएगा। शाम को होने वाले इस कार्यक्रम में पुलिस के विभिन्न दस्तों की बैंड टुकड़ियां स्वर लहरियां बिखेरेंगी। इससे पहले सुबह जयपुर के राजस्थान पुलिस अकादमी परिसर में समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज बनाये रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि खुशहाल राजस्थान बनाने और आमजन, गरीबों और समाज के सभी वर्गों को न्याय दिलाने के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। श्री शर्मा ने पुलिसकर्मियों को उनकी सेवा और योगदान के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस पदक प्रदान किये। समारोह के दौरान रक्तदान शिविर भी लगाया गया। राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष में जिला मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम रखे गये। कोटा शहर पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में सेरेमोनियल परेड हुई। केकड़ी में गर्वमेंट कॉलेज ग्राउंड पर पुलिस कर्मियों के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। भीलवाडा में पुलिस लाइन मैदान में आयोजित कार्यक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। भरतपुर में पुलिसकर्मियों के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण किया गया और रक्तदान शिविर लगाया गया।

श्रीगंगानगर में पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने परेड का निरीक्षण किया और पुलिसकर्मियों को उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान किये। इसी तरह बालोतरा, पाली, सलूम्बर, दौसा, अलवर और अन्य जिलों से भी पुलिस स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाये जाने के समाचार हैं।

000

श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ बस स्टेण्ड के पास कल रात सेना के ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर सेना के अधिकारी और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि मृतक भगवानगढ़ स्थित ईंट भट्टे पर काम करते थे और घर लौट रहे थे।

000

प्रदेश में अब शराब विक्रेताओं को फूड लाइसेंस लेना जरूरी होगा। लाइसेंस नहीं लेने वालों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से कार्रवाई कर दस लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। विभाग ने इस संबंध में आबकारी आयुक्त को पत्र लिखा है। विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंकज

ओझा ने बताया कि फूड लाइसेंस के लिए शराब दुकानदारों को दो हजार रुपये की राशि जमा करानी होगी। फिलहाल प्रदेशभर में करीब 7 हजार 600 से अधिक शराब दुकानें हैं।

000

21 जून को मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की इस साल की थीम ''स्वयं और समाज के लिए योग'' रखी गयी है। योग दिवस के सिलसिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर वृक्षासन योग के लाभ के साथ एक वीडियो साझा किया है। श्री मोदी ने कहा कि वृक्षासन या वृक्ष मुद्रा से संतुलन बेहतर बनाने में सहायता सहित कई लाभ हैं।

000

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का मुकाबला मेज़बान अमरीका से होगा। ये मैच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जायेगा।

000